भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 21

सोमवार, 22 जुलाई, 2024 ((आषाढ़ 31,1946, (शक))) को दिया जाने वाला उत्तर

सरकार और राज्य सरकारों द्वारा प्रदत्त वीजीएफ

21 श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवहार्यता अन्तराल वित्तपोषण (वीजीएफ) के अतिरिक्त अनेक राज्य सरकारें भी विमान कंपनियों को वीजीएफ प्रदान करती हैं;
(ख) यदि हां, तो किन-किन राज्यों ने वीजीएफ दिया है और किन-किन विमान कंपनियों को वीजीएफ दिया गया है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान आज तक सरकार द्वारा विमान कंपनी-वार, क्षेत्र-वार कुल कितना वीजीएफ प्रदान किया गया है; और
(घ) क्या वीजीएफ के स्थान पर सार्वजनिक निवेश लाने की कोई योजना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान के अंतर्गत, राज्य सरकार द्वारा व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) निम्नलिखित दो तरीकों से प्रदान किया जाता है:

(i) सामान्य वीजीएफ मार्ग जिसमें नागर विमानन मंत्रालय द्वारा भुगतान किए गए कुल वीजीएफ में से राज्य सरकारों द्वारा प्राथमिकता वाले क्षेत्र और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लिए प्रतिपूर्ति के आधार पर क्रमशः 10% और 20% का योगदान किया जाता है।

(ii) राज्य प्रायोजित वीजीएफ मार्ग जिसके लिए राज्य सरकारें वीजीएफ का 100% प्रतिपूर्ति करती हैं। कुछ राज्य सरकारों ने अपना स्वयं का वीजीएफ मॉडल विकसित किया है, जिसमें राज्य द्वारा तय किए गए मार्गों के लिए वीजीएफ का भुगतान राज्य द्वारा सीधे एयरलाइनों को किया जाता है।

(ख) आरसीएस योजना के तहत, तीन राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश ने 100% राज्य प्रायोजित वीजीएफ मार्गों की पेशकश की है और स्पाइसजेट, जीएसईसी मोनार्क और एलायंस एयर को ये मार्ग अवॉर्ड किए गए हैं।

(ग) : आरसीएस-उड़ान योजना के तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान सरकार द्वारा एयरलाइन-वार दिए गए कुल वीजीएफ का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ) : जहाँ तक मौजूदा आरसीएस-उड़ान योजना का संबंध है, ऐसी कोई योजना नहीं है।

अनुलग्नक

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान एसएओ को भुगतान किए गए वीजीएफ (हवाई किराये पर प्रतिपूर्ति किए गए जीएसटी सहित) का विवरण

रुपये (करोड़ में)

क्रम सं.	एसएओ का नाम	2021-22	2022-23	2023-24 (अनंतिम)	कुल
1	एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड	167.42	177.54	130.05	**475.01**
2	एविएशन कनेक्टिविटी एंड इन्फ्रा डवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड	0.34	0	3.75	**4.09**
3	बिग चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई बिग)	29.81	86.63	64.52	**180.96**
4	घोडावत इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड	65.81	75.17	116.76	**257.74**
5	जीसेक मोनार्क एंड डेक्कन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड	0	5.94	16.83	**22.77**
6	हेरिटेड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड.	3.81	12.78	15.22	**31.81**
7	इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो)	207.06	298.61	296.98	**802.65**
8	पवन हंस लिमिटेड	4.59	25.5	32.52	**62.61**
9	स्पाइसजेट लिमिटेड	101.87	116.17	129.99	**348.03**
10	टर्बो मेघा एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड	45.23	0	0	**45.23**
11	जस्ट उड़ो एविएशन प्राइवेट लिमिटेड	0	0	0.4	**0.40**
	कुल	**625.94**	**798.34**	**807.02**	**2231.30**

*****